दिनांकः 19.05.2025 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा–सिंधु जल संधि को स्थगित करने से राजस्थान, हरियाणा, पंजाब और हिमाचल प्रदेश के किसानों को बहुत लाभ होगा।
- देशभर में 29 मई से विकसित कृषि संकल्प अभियान की शुरूआत–कृषि वैज्ञानिकों का दल 65 हज़ार गांवों में किसानों को आधुनिक खेती के बारे में बताएगा।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का अलवर दौरा–प्रदेश में दुग्ध संघों के विकास और आत्मनिर्भरता की सराहना की।
- अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत राज्य के आठ आधुनिक रेलवे स्टेशन तैयार–75 करोड़ रुपये की लागत से कई सुविधाएं विकसित।
- प्रदेश का तीसरा दिव्याशा केन्द्र कोटा में शुरू–लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने उद्घाटन कर दिव्यांगों को सहायक उपकरण वितरित किये।

-------------

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि सिंधु जल संधि को स्थगित करने से राजस्थान, हरियाणा, पंजाब और हिमाचल प्रदेश के किसानों को बहुत लाभ होगा। आज नई दिल्ली में कृषि मंत्री ने देशभर के किसानों के विभिन्न समूहों से बातचीत में यह बात कही।

-------------

केन्द्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि भविष्य में इस जल के उपयोग पर एक व्यापक रणनीति बनाई जाएगी, जिससे सभी को ज्यादा से ज्यादा फायदा मिल सके। उन्होंने सिंधु जल संधि को स्थगित करने को ऐतिहासिक निर्णय बताया। कृषि मंत्री ने कहा कि पाकिस्तान को पानी देना भारतीय किसानों के साथ अन्याय है। कृषि मंत्री ने किसान समूहों के प्रतिनिधियों से बातचीत में सिंधु जल संधि पर सुझाव लिए।

-------------

देशभर में विकसित कृषि संकल्प अभियान शुरू किया जाएगा। केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ये जानकारी दी। आज नई दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन में श्री चौहान ने बताया कि ये अभियान 29 मई से शुरू होगा और 12 जून तक चलेगा। अभियान का उद्देश्य किसानों को खेती की नई तकनीकों, बीज और पौधों की किस्मों तथा योजनाओं की जानकारी देना है। कृषकों को प्राकृतिक खेती के लिए भी प्रेरित किया जायेगा।

श्री चौहान ने कहा कि देशभर के 723 जिलों में यह अभियान चलाया जाएगा। इससे लगभग डेढ़ करोड़ किसान लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि कृषि वैज्ञानिकों का एक दल लगभग 65 हजार गांवों में जाएगा और किसानों को वैज्ञानिक कृषि की व्यावहारिक जानकारी देगा। जिला स्तर पर प्रत्येक दल रोजाना तीन बैठकें करेगा।

-------------

केन्द्रीय कृषि मंत्री ने वीसी के माध्यम से सभी राज्यों के कृषि मंत्रियों को अभियान की जानकारी दी। इससे राज्य के कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा भी जुड़े। इस दौरान डॉ. मीणा ने सुझाव दिया कि अभियान के तहत किसानों को उद्यानिकी गतिविधियों के बारे में भी बताया जाए। जिससे किसानों की आय बढ़े और उन्हें अधिक विकल्प मिल सकें।

-------------

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि प्रदेश में दुग्ध संघों ने विकास, जनभागीदारी और आत्मनिर्भरता के नये आयाम स्थापित किये हैं। श्री शर्मा आज अलवर में श्वेत क्रांति 2.0 और अलवर दुग्ध संघ दिवस कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने सिलिसेढ़ क्षेत्र में नलकूप और पाइपलाइन के माध्यम से अलवर शहर की पेयजल योजना संवर्धन कार्य का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि डेयरी क्षेत्र में महिलाओं की सक्रियता प्रमुख रूप से बढ़ी है, जिससे उनका आर्थिक सशक्तिरण हो रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार किसान और पशुपालकों के कल्याण के लिए लगातार निर्णायक कदम उठा रही है।

-------------

मुख्यमंत्री ने युवाओं के कल्याण के लिए किये जा रहे प्रयासों का जिक्र भी किया। उन्होंने कहा कि पिछले 17 महीने के कार्यक्रल में एक भी पेपर लीक नहीं हुआ है। साथ ही पिछली सरकार के कार्यकाल में हुए पेपरलीक के मामलों में 300 से ज्यादा लोगों की गिरफतारी हो चुकी है।

कार्यक्रम में केंद्रीय वन और पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि श्वेत क्रांति द्वितीय चरण में अलवर में 700 नई डेयरी बनाने का काम किया जायेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने डेयरी को बढावा देने के लिए चार आयाम स्थापित किये हैं। इनमें महिला सशक्तिकरण, स्थानीय दुग्ध उत्पादन को बढावा देना, डेयरी की बुनियाादी ताकत को मजबूत करना और डेयरी निर्यात को बढावा देना शामिल है। श्री शर्मा ने मोतीडूंगरी में महाराणा प्रताप की प्रतिमा का अनावरण भी किया। इससे पहले श्री शर्मा ने जयपुर में मुख्यमंत्री निवास पर जनसुनवाई की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जबावदेही और पारदर्शिता के साथ सुशासन के लिए काम कर रही है।

-------------

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 22 मई को प्रस्तावित बीकानेर यात्रा की तैयारियों को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज समीक्षा बैठक ली। मुख्यमंत्री आवास पर हुई इस बैठक में श्री शर्मा ने अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं समय पर पूरी करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि तेज गर्मी के मद्देनजर आयोजन स्थल पर भी सभी सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री पुनर्विकसित 103 रेलवे स्टेशनों का देशनोक से उद्घाटन करेंगे। श्री मोदी बीकानेर–मुंबई एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। वहीं देशभर की कई अन्य परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण भी करेंगे।

देश के रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास के लिए चलाई जा रही अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत तेरह सौ स्टेशनों का कायाकल्प शुरू कर दिया गया है। इनमें से अब तक 103 स्टेशन तैयार हो चुके हैं।

-------------

थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी आज जैसलमेर के दौरे पर रहे। उन्होंने लौंगेवाला अग्रिम चौकियों का दौरा किया। थल सेना अध्यक्ष ने कोणार्क कोर के सैनिकों के साथ बातचीत में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान उनकी अहम भूमिका पर बधाई दी। उन्होंने दुश्मन के ड्रोन को आसानी से नाकाम करने के लिए सैनिकों की सराहना की। जनरल द्विवेदी ने वायु सेना और सीमा सुरक्षा बल के समन्वय में की गई संयुक्त कार्रवाइयों की भी समीक्षा की।

गौरतलब है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जैसलमेर से कच्छ तक फैले रेगिस्तानी क्षेत्र में वायु सेना और बीएसएफ ने तुरंत समन्वित परिचालन कार्रवाई की थी।

-------------

प्रदेश का तीसरा दिव्याशा केन्द्र आज से कोटा में शुरू हुआ। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने एमबीएस अस्पताल परिसर में इसका उद्घाटन किया। इस केन्द्र के माध्यम से 30 से अधिक प्रकार के उपकरण दिव्यांगों और बुजुर्गों की मदद के लिए उपलब्ध कराए जाएंगे। इस अवसर पर श्री बिरला ने 99 दिव्यांगों और 127 वरिष्ठजनों को उपकरण वितरित भी किये। श्री बिरला ने कोटा में 15 करोड़ रुपये की लागत से आधुनिक दिव्यांगजन पार्क बनाये जाने की घोषणा की। इसमें योग केन्द्र, व्यायाम स्थल और कई सुविधाएं होंगी। अपने संबोधन में श्री बिरला ने कहा कि ये दिव्याशा केन्द्र उपकरण वितरण केन्द्र होने के साथ–साथ दिव्यांगजनों के आत्म सम्मान और गरिमा का माध्यम बनेगा। श्री बिरला ने दिव्याशा केन्द्र की मानवीय और पुनीत पहल के लिए पीएम मोदी का आभार जताया।

-------------

लोकसभा अध्यक्ष ने मस्कुलर डिस्ट्रॉफी से पीड़ित बच्चों के इलाज के लिए राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों की भी सराहना की। उन्होंने मुख्यमंत्री इलेक्ट्रिक व्हील चेयर योजना के तहत ऑटोमेटेड मोटरसाइकिल उपलब्ध कराने के निर्णय पर कहा कि इससे दिव्यांगों के जीवन में बड़ा बदलाव आएगा। कोटा से पहले जयपुर और टोंक में दिव्याशा केन्द्र चलाए जा रहे हैं।

-------------

माउंट आबू में चल रहे ग्रीष्म महोत्सव का आज समापन हो रहा है। तीन दिन के इस महोत्सव में देशभर से आए कई कलाकारों ने प्रस्तुति दी। महोत्सव में स्थानीय लोगों और पर्यटकों के लिए कई प्रतियोगिताएं भी रखी गईं। हमारे संवाददाता ने बताया कि उत्सव में लोगों की अच्छी भागीदारी रही।

-------------

प्रदेश में ज्यादातर स्थानों पर प्रचंड गर्मी और हीटवेव का प्रकोप बना हुआ है। भीषण गर्मी से लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है और कई स्थानों पर दिन के समय आवाजाही कम है। जैसलमेर, बाड़मेर, बीकानेर, चूरू और झुंझुनूं समेत अनेक स्थानों पर झुलसाने वाली गर्मी का असर है। बीकानेर और जयपुर संभाग में दिन के साथ–साथ रातें भी काफी गर्म हैं। जोधपुर से हमारे संवाददाता ने बताया कि भीषण गर्मी को देखते हुए प्रशासन तथा चिकित्सा विभाग लोगों से सावधानी बरतने की अपील कर रहा है।

मौसम विभाग ने अगले 4–5 दिनों तक बीकानेर और जोधपुर संभाग तथा शेखावाटी क्षेत्र के कुछ भागों में हीटवेव का दौर जारी रहने की संभवाना जताई है। वहीं उदयपुर, कोटा और भरतपुर संभाग में आज कहीं–कहीं आंधी चलने और गरज के साथ हल्की बारिश के आसार हैं। राजसमंद में दिनभर उमस के बाद शाम को करीब आधे घंटे बरसात हुई।

-------------

ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेनाओं की ओर से दिखाए गए साहस और पराक्रम को सम्मान देने के लिए प्रदेशभर में तिरंगा यात्राएं जारी हैं। इसी कड़ी में चूरू और डूंगरपुर में आज तिरंगा यात्रा निकाली गई। वहीं जयपुर में कल सिंदूर यात्रा निकाली जाएगी।

-------------